भोपाल, इंदौर,
छिंदवाड़ा
मुरैना से एकसाथ
प्रकाशित

दैनिक
सच एक्सप्रेस
जनता की बुलंद आवाज

सत्यम् सदैव सुन्दरम्...

वर्ष-17 || अंक- 115 || पृष्ठ-8 || शुल्क- 2 रुपए || भोपाल || सोमवार 7 सितंबर || 2026

www.dainiksachexpress.com, sachexpress.page

पेज 2 करोंद में गूंजा जय श्रीकृष्ण

पेज 3 छिंदवाड़ा-पांढुर्णा गोटमार मेले में गुलेल बैन

पेज 5 डॉ. पवन सेंगर सम्मानित

पेज 6 पौधे भेंट कर किया सम्मान

पेज 7 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का खाका खींचा

दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में मध्यप्रदेश में निवेश का महाकुंभ

मोहन ने उद्योगपतियों और निवेशकों से की वन-टू-वन चर्चा, बोले- युवाओं को मिलेगा रोजगार

सच प्रतिनिधि || भोपाल/दुबई

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दुबई वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में आयोजित एआईएम कांग्रेस-2026 में पहुंचे। उनका यह दुबई प्रवास मध्यप्रदेश में निवेश और रोजगार के रास्ते खोलेगा। यह सम्मेलन राज्य को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। इस सम्मेलन में डॉ. यादव ने निवेशकों को भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इंवेस्टर मीट (जीआईएस)-2027 के लिए आमंत्रित किया। एआईएम कांग्रेस दुनिया के सबसे बड़े निवेश मंचों में से एक है। इस सम्मेलन में 180 से ज्यादा देशों के करीब 20,000 प्रतिनिधि हो रहे शामिल। यहां सरकारें, बड़े निवेशक, सोवरिन वेल्थ फंड्स और कंपनियां एक मंच पर आकर निवेश के मौकों पर चर्चा करती हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने यहां बड़े निवेशकों और कंपनियों से सीधे मुलाकात की। एक ही जगह पर दुनिया भर के निवेशक मौजूद है। इसलिए यह मध्यप्रदेश के लिए बड़ा और किफायती अवसर है। उन्होंने पहले दिन यहां ताज दुबई के बिजनेस बे में आयोजित मध्यप्रदेश के ओडीओपी (वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट) एवं भौगोलिक संकेतक (जीआई) उत्पादों की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

किसानों के लिए प्रतिबद्ध सीएम डॉ. यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की यात्रा निवेश पर केंद्रित है। उनके नेतृत्व में मध्यप्रदेश एक 'ग्लोबल निवेश गंतव्य' के रूप में सामने आएगा। इससे जीआईएस-2027 की तैयारी को भी मजबूती मिलेगी। दुबई अपनी जरूरत का 85त से ज्यादा खाना बाहर से मंगाता है। साल 2024 में यूएई ने करीब 16.2 बिलियन डॉलर का खाद्य आयात किया, जो 2023 से 13.7त ज्यादा है। वहां की लगभग 89त आबादी प्रवासी है, जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय हैं, इसलिए भारतीय अनाज, दाल और प्रोसेस्ड फूड की मांग लगातार बढ़ रही है। मध्यप्रदेश इस मांग को पूरा कर सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी कल गुजरात जाएंगे

वडोदरा । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 8 सितंबर को गुजरात दौरे पर जाएंगे। उनकी यात्रा के संबंध में स्थानीय पुलिस अधिकारी ने बताया कि पीएम मोदी के आगमन के मद्देनजर सुरक्षा के चाक-चौबंद बंदोबस्त किए गए हैं। वडोदरा में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम- नमो भारत विकसित भारत के लिए 2000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे। वडोदरा पुलिस आयुक्त नरसिम्हा कोमार ने बताया कि पुलिस ने भारतीय रेलवे, वडोदरा नगर निगम और जिलाधिकारी से समन्वय किया है। हवाई अड्डे से कार्यक्रम स्थल तक स्वच्छता, भीड़ प्रबंधन और यातायात सुविधा की तैयारियां पूरी हैं।

वडोदरा शहर पुलिस के साथ स्पेशल प्रोटेक्शन ग्रुप, एनडीआरएफ और गुजरात पुलिस की विशेष इकाइयां तैनात रहेंगी। पूरे क्षेत्र को सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से सुरक्षित किया गया है।

देवड़ा जी ! लाशों के ढेर पर कुर्सी पर बैठे रहना शोभा नहीं देता

सहायक आबकारी आयुक्त संजीव दुबे पर चलना चाहिए हत्या का केस

त्वरित टिप्पणी
सिकंदर अहमद


संजीव दुबे पर तुरंत कार्रवाई हो
सागर में 19 मौतें!
शराब त्रासदी

भोपाल। अद्भुत है हमारा समाज और विचित्र हैं इसमें रेंगते चरित्र, जो अपने कुकृत्यों से हर संवेदनशील व्यक्ति और समाज की मर्यादित व्यवस्था को झंझोड़ डालते हैं। कल सागर में 19 लोगों की सांसें ऐसी ही सड़ी व्यवस्था की भेंट चढ़ गईं। आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा का वही रटा-रटाया बयान फिर आया कि 'दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा'। मंत्री जी पिछले सात सालों से आप ही आबकारी विभाग के मंत्री हैं और आपके ही कार्यकाल में जहरीली शराब से मौतों पर अध्याय लिखे जा रहे हैं।

जहरीली शराब से 19 गरीबों की मौत ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि आबकारी विभाग शराब बेचने का विभाग नहीं, मौत बेचने का गिरोह बन चुका है। यह कोई दुर्घटना नहीं, आबकारी विभाग और स्थानीय प्रशासन की मिलीभगत से किया गया सामूहिक नरसंहार है। जिन घरों के चिराग बुझे हैं वह कोई अमीर लोग नहीं थे। वह मजदूर थे, वह गरीब थे, अपने परिवार को पालने पोसने वाले मुखिया थे जो 50-100 रुपये की सस्ती शराब पीकर दिन भर की थकान को मिटाना चाहते थे। उन्हें क्या पता था कि आबकारी विभाग ने चंद सिक्कों के लिए उनकी जिंदगी दांव पर लगा दी है। उनके लिए मौत की जहर भरी बोतलें बाजार में खुली छोड़ रखी हैं।

विभाग के मंत्री श्री देवड़ा को यह बताना ही होगा कि प्रदेश में हर देशी शराब की दुकान के पीछे जो अवैध अड्डे चलते हैं वह किसके संरक्षण में चलते हैं। स्थानीय पुलिस और आबकारी के सिपाही को हफ्ता दिये बिना एक पाउच भी नहीं बिक सकता। क्या मंत्री जी को यह पता नहीं है, अगर पता नहीं है तो यह मंत्री जी का फेल्युर है। और अगर पता है तो वह सीधे जिम्मेदार हैं। दोनों की स्थिति में उन्हें अपनी जवाहदेही तय करनी ही ही चाहिए। मंत्री जी को यह भी बताना होगा कि जांच में हमेशा मिथेनॉल की बात ही आती है। यह जहर कहां से आता है, किस फैक्ट्री से लाया जाता है, क्या आबकारी विभाग सेम्पल चेक नहीं करता या विभाग का काम सिर्फ लायसेंस फीस वसूलना ही है। अगर यही शराब किसी बड़े शहर के क्लब में बिकती और 19 अमीर आदमी मर जाते तब भी क्या सरकार की चूलें नहीं हिलतीं। जहरीली शराब से गरीब मरता है तो मरने दो, कुछ मुआवजा देकर उसके परिवार को शांत कर ही लेंगे।

श्री देवड़ा को अपनी नैतिक जिम्मेदारी समझनी चाहिए। आबकारी मंत्री का काम राजस्व बढ़ाना ही नहीं, जीवन को बचाना भी है। जब आपके विभाग की नाकामी से 19 लोग मर जाएं तो आप एसी कक्ष में बैठकर प्रेस नोट जारी नहीं कर सकते। आपको कुर्सी छोड़नी ही चाहिए। क्योंकि आपके नेतृत्व में ही नीचे से लेकर ऊपर तक पूरा आबकारी तंत्र सड़ चुका है। नीचे के स्तर पर इस सड़े तंत्र का चेहरा हैं सागर की आबकारी अधिकारी कीर्ति दुबे, जिन्हें सिर्फ निलंबित करना ही ठीक नहीं होगा, उनके ऊपर हत्या का केस चलना चाहिए और जबलपुर के सहायक आबकारी आयुक्त संजीव दुबे पर भी सामूहिक हत्या का केस दर्ज होना चाहिए। क्योंकि जैसा दावा किया जा रहा है कि प्रतिबंधित सागर गोल्ड और बाम्बे व्हिस्की शराब जिसे प्रतिबंधित कर दिया गया था उसे संजीव दुबे ने सामान्य कहकर बाजार में उतरवा दिया था। इन दोनों ब्रांडों की जहरीली शराबों से ही मौतें हुई हैं। उनकी घोर लापरवाही का नतीजा कल सामने आ गया। यह मिलीभगत का परिणाम भी हो सकता है। उनके खिलाफ हत्या का मामला दर्ज होना ही चाहिए।

सड़े तंत्र के ऊपरी स्तर पर विभाग के मंत्री, प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ही हैं। उन्हें पद से इस्तीफा देकर यह साबित करना चाहिए कि भाजपा सरकार में जवाबदेही अभी भी जिंदा है। नैतिकता अभी भी बची हुई है। लाशों के ढेर पर कुर्सी पर बैठे रहना उन्हें शोभा नहीं देगा और यदि वह पद पर बने रहते हैं तो यह सत्ता का नशा, मध्यप्रदेश को यूं ही साल-दर-साल श्री देवड़ा की लापरवाही से गरीब की लाशों का गवाह बनाता रहेगा।

सराफा बाजार का आज का भाव

7 सितंबर 2026
डालर $ 94.55

GOLD LIVE	152290
हालमार्क ज्वैलरी रेट	
24 KT	157310 ब्रेड
23 KT	150800
22 KT	144800
20 KT	132200
18 KT	119600
14 KT	91900
Silver Live	237050
चांदी हाजिर 999	238700

MG ज्वेलर्स
(उज्जैन वाले)
सर्वधर्म कोलार रोड, भोपाल
Condition Apply

प्रयागराज में राम वनगमन पथ जगह-जगह धंसा, 500 मीटर में 118 जगह दरारें

प्रयागराज। यूपी में अयोध्या से चित्रकूट तक 210 किमी लंबा राम वनगमन पथ बनाया जा रहा है। जिन रास्तों से होकर प्रभु श्रीराम वनवास गए थे, उधर से होकर फोरलेन हाईवे बनाया जा रहा है। लेकिन, इसके शुरू होने से पहले ही प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर में हाईवे धंस गया है। करीब 500 मीटर में हाईवे की दोनों लेन पर 118 जगह सड़क धंसी है। 1 से डेढ़ फीट तक दरारें आ गई हैं। पुल की ओर जाने वाला एप्रोच हिस्सा भी एक तरफ करीब 30 डिग्री तक झुक गया है।पुल के नीचे से देखने पर एप्रोच की दीवारें भी करीब आधा फीट बाहर की ओर निकली दिख रही हैं। अब आनन-फानन दरारों को भरने का काम किया जा रहा है। दैनिक भास्कर ने प्रयागराज से करीब 35 किलोमीटर दूर श्रृंगवेरपुर में हाईवे की पड़ताल की।

हम श्रृंगवेरपुर में चित्रकूट की ओर जाने वाले राम वनगमन मार्ग पर पहुंचे। फोरलेन हाईवे की बाईं लेन पर चढ़े। यहां से करीब 500 मीटर आगे कानपुर हाईवे के ऊपर बने पुल तक सड़क जगह-जगह धंसी मिली। पुल की एप्रोच रोड भी करीब 30 डिग्री तक नीचे झुक गई है।फिर इसी पुल से लौटने के लिए दाईं लेन पर आए, तो आगे 500 मीटर तक इस तरफ भी यही हाल दिखा। दोनों लेन पर सड़क धंसी है। एक से डेढ़ फीट चौड़ी दरारें आ गई हैं। कुछ बड़े गड्ढों को हमने गिना, तो बाईं-दाईं दोनों लेन पर 500 मीटर में 118 जगह सड़क धंसी मिली। कहीं-कहीं सड़क 1 फीट तक नीचे बैठ गई है। इस पुल से आगे की तरफ बात करें, तो करीब 300 मीटर दूर गंगा पर पुल बना रहा है। हालांकि, आगे की तरफ सड़क ठीक है।

डिवाइडर से टकराई पिकअप, छह श्रद्धालुओं की मौत और 27 घायल

बागपत । यूपी में बड़ा हादसा हुआ है। बागपत के बड़ागांव के पास ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर पिकअप वाहन संख्या यूपी-24 एटी-1819 में कुल 32 लोग सवार थे, जो राजस्थान की गोगामेड़ी से वापस अपने गांव अलाहपुर, थाना उझानी, जनपद बदायूं जा रहे थे। बड़ा गांव के पास पिकअप अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई। हादसे में एक बच्ची सहित कुल छह की मौत हो गई। जबकि अन्य घायल हो गए। घायलों को सीएचसी खेकड़ा, बागपत जिला अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां घायलों का उपचार किया जा रहा है, जबकि गंभीर रूप से घायलों को जी टी वी दिल्ली रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अस्मिता लाल एवं पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार राय देर रात जिला अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।

मंडीदीप में कार पेड़ से टकराई, 4 युवकों की मौत

मंडीदीप। नूरगंज थाना क्षेत्र के औबेदुल्लागंज-सलकनपुर रोड पर ग्राम दीवटिया में सड़क हादसे में चार युवकों की जान चली गई। एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए भोपाल एम्स में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। हादसा ग्राम दीवटिया में पेट्रोल पंप के पास हुआ। कार तेज रफ्तार में थी और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी में फंसे युवकों को बाहर निकालने के लिए कटर का इस्तेमाल करना पड़ा।हादसे में जान गंवाने वाले चारों युवक दीवटिया गांव के निवासी थे। ये सभी औबेदुल्लागंज से दिवटिया जा रहे थे। इसी दौरान रात करीब 12 बजे पेट्रोल टैंक के पास पेड़ से कार टकरा गई।

सच-संक्षेप

सबस्टेशन में आग, पुणे-पिंपरी-चिंचवड़ में बिजली बाधित

पुणे। महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड ने बताया कि पुणे के चिंचवड़ सबस्टेशन में तकनीकी खराबी और आग लग गई। रविवार दोपहर की इस घटना के कारण पुणे तथा पिंपरी-चिंचवड़ के बड़े हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित हुई। 22-केवी करंट ट्रांसफार्मर में विस्फोट के बाद दोपहर 12:25 बजे आग लगी। प्रबंधन के अनुसार, कुल 3.10 लाख उपभोक्ता प्रभावित हुए। कई क्षेत्रों में आपूर्ति 3 बजे तक बहाल हुई।

महाराष्ट्र || गणपति उत्सव में 2900 मुफ्त बसें

मुंबई। महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आगामी गणेश उत्सव के मद्देनजर 2,900 एसटी बसों की सेवा शुरू की। डिप्टी सीएम ने त्योहार के सांस्कृतिक महत्व पर जोर दिया और कहा कि यह राज्य की पहचान, संस्कृति और परंपरा का हिस्सा है। रविवार को शिवसेना की तरफ से की गई इस पहल का शुभारंभ करते हुए शिंदे ने कहा, इन बसों में यात्रियों को कोंकण क्षेत्र तक मुफ्त यात्रा का इंतजाम किया गया है। त्योहारी मौसम के दौरान ट्रेनों में भारी भीड़ और सीमित टिकटों की उपलब्धता को स्वीकार करते हुए शिंदे ने हर साल मुफ्त बस सेवा की प्रतिबद्धता दोहराई।

कश्मीर के बाद उत्तराखंड में बर्फबारी

नई दिल्ली || एजेंसी

कश्मीर में सीजन की पहली बर्फबारी के बाद अब उत्तराखंड के पिथौरागढ़ की पंचाचूली, हरदेवल, नंदा देवी और नंदा कोट के साथ चमोली में बद्रीनाथ-हेमकुंड की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है। बारिश और बर्फबारी के बाद ऊंचाई वाले इलाकों में ठंड बढ़ गई है। उत्तराखंड के अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर, पिथौरागढ़ और रुद्रप्रयाग में रुक-रुककर बारिश हो रही है। वहीं, पिथौरागढ़ की पंचाचूली, हरदेवल, नंदा देवी और नंदा कोट के साथ चमोली में बद्रीनाथ-हेमकुंड की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हुई है। बारिश और बर्फबारी के बाद ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ठंड बढ़ गई है। पिथौरागढ़ में सोमवार सुबह धारचूला-आदि कैलाश मोटर मार्ग पर बोल्डर गिरने से आवाजाही प्रभावित हुई। वहीं, बागेश्वर-कपकोट रोड आरे के पास बंद है। यहां लगातार पत्थर गिर रहे हैं, जिससे वाहनों की आवाजाही प्रभावित है। पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, नैनीताल और चंपावत में आज आंगनबाड़ी केंद्रों के साथ सभी स्कूल बंद हैं। मौसम विभाग ने पूरे प्रदेश में बारिश और गरज के साथ बौछार की संभावना जताई है। नैनीताल, बागेश्वर, चंपावत, ऊधम सिंह नगर, पौड़ी और चमोली में कहीं-कहीं भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। कई इलाकों में आकाशीय बिजली चमकने के साथ बारिश के तेज से अति तेज दौर की भी संभावना है।

मिस्र पहुंची वायुसेना की सारंग टीम

काहिरा। भारतीय वायुसेना की सारंग हेलिकॉप्टर डिस्प्ले टीम मिस्र पहुंच गई है। टीम आठ से 10 सितंबर, 2026 तक अल अलामीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर होने वाले दूसरे एल अलामीन इंटरनेशनल एयरशो में हिस्सा लेगी। भारतीय वायुसेना की सारंग टीम दुनिया की एकमात्र पांच हेलिकॉप्टर वाली डिस्प्ले टीम है। टीम अपने प्रदर्शन के दौरान बेहद सटीक तालमेल, पेशेवर कौशल और उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करेगी। यह भारतीय वायुसेना के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते जुड़ाव में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है और भारत-मिस्र के बीच बढ़ते रक्षा और कूटनीतिक संबंधों को दर्शाती है।

टीएमसी सांसद के ठिकानों पर छापा

कोलकाता || एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय ने तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद नदीमुल हक द्वारा प्रमोट किए गए उर्दू अखबार 'अखबार-ए-मशरिक' से जुड़े ठिकानों पर ने सोमवार को कोलकाता, दिल्ली और रांची में करीब सात जगहों पर छापेमारी की। जांच कथित तौर पर सांप्रदायिक तनाव फैलाने वाली सामग्री के प्रकाशन व प्रसार, बेहिसाब नकद लेन-देन और संदिग्ध स्रोतों से फंडिंग के आरोपों से जुड़ी है। मामला बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट की स्वढ्ढक्र के आधार पर सामने आया है।तृणमूल कांग्रेस से राज्यसभा में सांसद नदीमुल हक उस कंपनी के डायरेक्टर हैं, जो 'अखबार-ए-मशरिक' नाम का अखबार निकालती है। वह पेशे से पत्रकार रहे हैं और ममता बनर्जी के करीबियों में से एक हैं।यह जांच सांप्रदायिक तनाव फैलाने वाली सामग्री छापने और उसे प्रसारित करने, बिना हिसाब-किताब वाले नकद लेन-देन और संदिग्ध स्रोतों से फंडिंग के आरोपों से जुड़ी है।अधिकारियों के मुताबिक, कोलकाता, दिल्ली और रांची में करीब सात जगहों पर छापेमारी की गई है। अधिकारियों ने बताया कि यह मामला बिधाननगर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा दर्ज की गई स्वढ्ढक्र से जुड़ा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईडी की कार्रवाई में अवैध लेन-देन और संदिग्ध ट्रांजैक्शन के जरिए फंडिंग से जुड़े आरोपों की भी जांच हो रही है।

फैशन शो || नहलाकर खिलाई गुजिया और पापड़ी, बैलों की खास खातिरदारी और स्पेशल खाने का इंतजाम

मेहनती बैलों को मिली एक महीने की छुट्टी

सच संवाददाता || छिंदवाड़ा

भादो मास की अमावस्या किसानों और उनके बैलों के लिए किसी खास दिन से कम नहीं होती है। क्योंकि इस दिन किसान अपने सबसे मेहनती साथी को थैंक यू बोलने के लिए सुबह से उनकी खातिरदारी में लग जाते हैं। हम बात कर रहे हैं पोला पर्व की। जिसमें किसान अपने बैलों को सुबह से नहला धुलाकर सुंदर-सुंदर कपड़े पहनाकर उनके लिए स्पेशल खाने का इंतजाम करते हैं और फिर उनकी पूजा भी की जाती है। कई जगह इनके लिए फैशन शो भी आयोजित किए जाने लगे हैं। जिसके बाद सुंदर बैलों को इनाम भी दिया जाता है।

घर में होती है तैयारी

बैलों की खातिरदारी करने के लिए घर की महिलाएं सुबह से ही स्पेशल खाना तैयार करती हैं। जिसमें गुजिया के अलावा बेसन से बनी पापड़ी और खुरमा होता है। बैलों की पूजा करने के बाद बनाया हुआ खाना खिलाया जाता है और फिर इनकी देखरेख करने वाले लोगों को स्पेशल गिफ्ट भी दिया जाता है।

बैलों की खातिरदारी के साथ ही होता है फैशन शो

भादो मास की अमावस्या यानी कि इस साल 10 सितंबर को छिंदवाड़ा में भी बैलों की खातिरदारी के साथ फैशन शो आयोजित किया जाएगा। इस दिन सुबह से ही किसान अपने बैलों को नहला धुला कर बाल बनाने के साथ ही उन्हें सुंदर तरीके से कलर और कपड़ों से सजाया जाता है। इसके बाद स्पेशल तरीके से पूजा करने के बाद उनके लिए घर में बनाई गई अलग-अलग तरह की डिश उन्हें परोसी जाती है। फिर पोला ग्राउंड में एक प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। जिसमें किसान अपने बैलों को सजाधजा कर लाते हैं। जो बैल सबसे सुंदर और हेल्दी होते हैं उन्हें इनाम दिया जाता है। यह किसी फैशन शो से कम नहीं होता है।

बैलों को थैंक्स बोलने के लिए होता है आयोजन

किसान रामकुमार राजपूत ने बताया कि,भादो के अंतिम सप्ताह तक खेतों के सारे काम हो जाते हैं। बैल और पशुधन किसानों के सबसे मेहनती साथी होते हैं इसलिए किसान भादो मास की अमावस्या के दिन पोला पर्व मनाते हैं। ताकि वह बैलों को धन्यवाद दे सके। उसके बाद एक महीने तक बैलों से कोई काम नहीं कराया जाता था कि रबी की फसल में फिर उनसे नए तरीके से काम लिया जा सके। पोला पर्व महाराष्ट्र मनाया जाने वाला त्योहार है। छिंदवाड़ा और पांढुर्ना महाराष्ट्र से लगा हुआ जिला है, इसलिए इस परंपरा का निर्माण यहां भी सालों से चला आ रहा है।

परंपरा कायम रखने का प्रयास 16 सालों से हो रहा कार्यक्रम

छिंदवाड़ा की सार्वजनिक पोला उत्सव समिति के अध्यक्ष विजय पांडे ने बताया कि, 16 साल पहले पोला पर्व मनाने का कार्यक्रम लगभग बंद जैसा हो गया था। क्योंकि किसानों ने बैलों को पालना लगभग कम कर दिया है। खेतों में ट्रैक्टर और आधुनिक मशीन आ गई हैं जिसकी वजह से लोग पशुधन कम पालते हैं। किसानों के यहां पशुधन पालने की परंपरा जारी रहे और गोवंश पलता रहे इस परंपरा का निर्वहन के लिए हमने 16 साल पहले पोला उत्सव समिति का गठन किया और छिंदवाड़ा के पोला ग्राउंड में बैलों की सुंदरता प्रतियोगिता आयोजित करते हैं। जिनमें लोग बैलों को सजाकर लाते हैं और जो सबसे अच्छा और सुंदर बैल होता है उस जोड़ी को हम लोग सम्मानित भी करते हैं।

पत्नी ने पोर्क करी बनाने से मना किया तो पति ने कर दी हत्या

नलगोंड । तेलंगाना के नलगोंड जिले में पॉर्क करी बनाने को लेकर हुए विवाद के बाद 72 साल के बुजुर्ग ने 66 वर्षीय पत्नी की हत्या कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह घटना देर रात उस समय हुई जब महिला घर में सो रही थी। पति ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर दिया,। पुलिस के मुताबिक, पति और पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा रहता था और शनिवार को पत्नी के करी बनाने से मना करने के बाद उनके बीच बहस हुई थी। अधिकारी ने बताया कि इससे नाराज होकर बुजुर्ग ने महिला पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

चुनाव प्रचार से विजय जुलूस तक
सभी प्रकार की चुनाव प्रचार सामग्री के निर्माता एवं विक्रेता
सभी प्रकार के झण्डे, बैच, बैनर, कैप, स्टीकर, पोस्टर, ग्लोसाईन बोर्ड, होर्डिंग्स, फ्लेक्स एवं प्रिंटिंग कार्य हेतु पधारें
SHEELA AD MAKERS
शीला एड-मेकर्स
E-mail:sheelaadmakers@gmail.com
139, Malviya Nagar, Bhopal (M.P.)
Tel./Fax: 0755-4012177,
Mob.:9301020777, 8889120777
GB-3, Ground Floor Mansarover Complex, Near BJP Office Bhopal
Tel. 0755-4277938
www.sheelaadmakers.in